अनुक्रमांक .......................................                                   समय : 2.00 घण्टा

नाम ...............................................                                   पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2023
## (वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 'एमील' पुस्तक के लेखक हैं- **(1)**

(A) काण्ट    (B) प्लेटो

(C) रुसो    (D) अरस्तू

**2.** आदर्शवादी शिक्षा शास्त्री नहीं हैं- **(1)**

(A) प्लेटो    (B) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(C) महात्मा गांधी    (D) मारिया माँण्टेसरी

**3.** "शिक्षा विकास है एवं विकास करना तथा अभिवृद्धि करना ही जीवन है।" यह कथन है- **(1)**

(A) जॉन डी. वी. का    (B) प्लेटो का

(C) काण्ट का    (D) अरस्तू का

**4.** शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रवज्या संस्कार होता था- **(1)**

(A) गुरुकुल शिक्षा पद्धति में    (B) बौद्ध कालीन शिक्षा पद्धति में

(C) मुगल कालीन शिक्षा पद्धति में    (D) वैदिक कालीन शिक्षा पद्धति में

**5.** वैदिक कालीन शिक्षा के पाठ्यक्रम में 'अपराध विद्या' के अन्तर्गत नहीं पढ़ाया जाता था- **(1)**

(A) इतिहास    (B) भूगर्भ शास्त्र

(C) नीति शास्त्र    (D) अर्थ शास्त्र

**6.** वर्धा में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन आयोजित हुआ था- **(1)**

(A) 1937 में    (B) 1986 में

(C) 1938 में    (D) 1940 में

**7.** मुगलकाल में उच्च शिक्षा के केन्द्र थे- **(1)**

(A) मकतब    (B) मदरसे

(C) दरगाहें    (D) खानकाहें

**8.** 'बाल देवो भव' यह शैक्षिक विचारधारा किसकी थी? **(1)**

(A) फ्रोबेल की    (B) रुसो की

(C) गिजुभाई बधेका की    (D) जॉन डी. वी. की

**9.** विश्व पृथ्वी दिवस कब मनाया जाता है? **(1)**

(A) 22 अप्रैल    (B) 8 जून

(C) 17 फरवरी    (D) 11 फरवरी

**10.** 'युगधर्म' कहा जाता है- **(1)**

(A) परिवर्तनमान मूल्यों को    (B) शाश्वतमूल्यों को

(C) (a) एवं (b) दोनों को    (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** 'दिवास्वप्न' पुस्तक के लेखक हैं- **(1)**

(A) गिजूभाई बधेका (B) स्वामी विवेकानंद

(C) महात्मा गाँधी (D) सर्वपल्ली राधाकृष्णन

**12.** संविधान में किस भाषा को 'राजभाषा' का दर्जा मिला है- **(1)**

(A) हिन्दी (B) उर्दू

(C) अंग्रेजी (D) फारसी

**13.** 'दूरवर्ती शिक्षा' को कहते हैं- **(1)**

(A) पत्राचार-शिक्षा (B) दूरस्थ शिक्षा

(C) स्वतन्त्र अध्ययन (D) उपर्युक्त सभी

**14.** शिक्षा एक द्विमुखी प्रक्रिया है- **(1)**

(A) जॉन डी. वी. (B) एडम्स

(C) फ्रोबेल (D) सुकरात

**15.** "लोकतंत्र जनता के लिए, जनता के द्वारा, जनता की शासन व्यवस्था है", कहा- **(1)**

(A) अब्राहम लिंकन ने (B) सीले ने

(C) बायडबोड ने (D) महात्मा गाँधी ने

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** वैदिक कालीन शिक्षा के अनुसार 'उपनयन' का शाब्दिक अर्थ है- **(1)**

**17.** पर्यावरण संरक्षण के दो उपाय बताइए। **(1)**

**18.** शैक्षिक अवसरों की समानता के लिए कौन-कौन बिन्दु आवश्यक हैं? **(1)**

**19.** बाल श्रमिक बनने के मुख्य कारण क्या हैं? **(1)**

**20.** फ्रॉबेल की शिक्षण पद्धति स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**21.** प्लेटो द्वारा स्थापित संस्था का नाम बताइए। **(1)**

**22.** प्रयोजनवाद के किन्हीं दो गुण एवं दोषों का उल्लेख करिए। **(1)**

**23.** विद्यालयों में पर्यावरण शिक्षा किस प्रकार दी जा सकती है? **(1)**

**24.** बुनियादी शिक्षा का प्रारम्भ किसने किया ? **(1)**

**25.** राज्य से क्या अभिप्राय है? **(1)**

**26.** मल्टीमीडिया क्या है? **(1)**

**27.** स्त्री शिक्षा के विषय में प्लेटो का क्या मत था? **(1)**

**28.** भूमण्डलीकरण को परिभाषित करें। **(1)**

**29.** लैंगिक समानता से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**30.** स्वामी विवेकानन्द के अनुसार 'जन शिक्षा क्या है'? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** शिक्षा से क्या तात्पर्य है? इसके महत्व को बताइए। **(2)**

**32.** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा क्या है? यह बालकों के विकास में किस प्रकार सहायक है? **(2)**

**33.** फ्रॉबेल के अनुसार शिक्षा के क्या उद्देश्य हैं? **(2)**

**34.** बुनियादी शिक्षा पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**35.** समाज के विकास में शिक्षक की क्या भूमिका है? **(2)**

**36.** औपचारिक एवं अनौपचारिक शिक्षा में अंतर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**37.** पर्यावरण प्रदूषण रोकने के उपाय सुझाइए। **(2)**

**38.** समाज और शिक्षा के मध्य सम्बन्ध स्थापित कीजिए। **(2)**

**39.** "मानवीय मूल्य सम्पूर्ण सृष्टि के लिए आवश्यक हैं विवेचना कीजिए" **(2)**

**40.** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की चार मुख्य विशेषताएँ बताइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/2023

2. वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/

3. वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN